**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–21.05.2025 (सुबह 08:30 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **शराब घोटाले में गिरफ्तार आइएएस अधिकारी विनय चौबे और गजेंद्र सिंह तीन जून तक न्यायिक हिरासत में भेजे गये, सरकार को 38 करोड़ रूपये नुकसान पहुंचाने का है आरोप।**

2. **भाजपा ने झामुमो और कांग्रेस पर सरना धर्मकोड मामले पर आंदोलन के नाम पर नाटक करने का लगाया आरोप, झामुमो और कांग्रेस ने कहा– भाजपा आदिवासी हितों पर गंभीर नहीं।**

3. **झारखंड लोक सेवा आयोग ने 11वीं से 13वीं सिविल सेवा मुख्य परीक्षा का जारी किया रिजल्ट, 864 अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए हुए चयनित।**

4. **मौसम विभाग ने आज और कल पूरे राज्य में आंधी के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।**

5. **झारखंड में 64वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 16 जून से होगी, स्कूली शिक्षा एवं साक्षारता विभाग ने प्रखंड से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगता की तारीख तय की।**

****************

झारखंड में शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे और संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने एसीबी की विशेष अदालत में कल पेश किया। कोर्ट ने विनय चौबे और गजेंद्र सिंह को 3 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आइएएस अधिकारी विनय चौबे और गजेंद्र सिंह पर सरकार के साथ धोखाधड़ी कर 38 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान पहुंचाने का आरोप है।

****************

प्रदेश भाजपा ने सरना धर्म कोड के मुद्दे पर कांग्रेस और झामुमो पर आंदोलन का नाटक करने का आरोप लगाया है। प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि यूपीए की सरकार ने फरवरी 2014 में ही केंद्र सरकार ने सरना धर्म कोड को अव्यवहारिक बताते हुये इसे खारिज कर दिया था।

इधर, झामुमो के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि भाजपा को आदिवासियों के हितों से कोई सरोकार नहीं है।

वहीं प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि भाजपा, अपनी मंशा स्पष्ट करे कि वह सरना धर्म कोड के मामले पर क्या चाहती है।

****************

अमृत भारत योजना के अंतर्गत राजमहल रेलवे स्टेशन को विकसित किया जा रहा है। सात करोड़ से अधिक की अनुमानित लागत से किया जा रहा यह पुनर्विकास कार्य यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करेगा। राजमहल रेलवे स्टेशन, गोविंदपुर रोड रेलवे स्टेशन और देवघर स्थित शंकरपुर रेलवे स्टेशन समेत देशभर के 103 पुनर्विकसित स्टेशनों का ऑनलाइन उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल करेंगे।

****************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मलेशिया के लांगकावी में 20 से 24 मई तक आयोजित लांगकावी अंतर्राष्ट्रीय समुद्री एवं एयरोस्पेस प्रदर्शनी में भारत मंडप का उद्घाटन किया। यह मंडप भारत की मजबूत, आत्मनिर्भर और विकसित होती स्वदेशी रक्षा उद्योग की क्षमताओं को दर्शाता है। इस अवसर पर श्री सेठ ने विश्वभर की निजी रक्षा कंपनियों के प्रतिनिधियों से भी संवाद किया।

****************

झारखंड लोक सेवा आयोग ने 11वीं से 13वीं सिविल सेवा मुख्य परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया। इसमें 864 अभ्यर्थी सफल घोषित किये गये हैं। इन अभ्यर्थियों का साक्षात्कार अगस्त के दूसरे सप्ताह में होगा। इस परीक्षा में कुल 342 पदों पर नियुक्ति की जानी है।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज ट्राइबल एडवाइजरी कमेटी–टीएसी की बैठक होगी। इस बैठक में शेड्यूल एरिया के नगर निकायों में स्टैंडिंग कमेटी की शक्तियों को सीमित करने पर चर्चा की जायेगी।

****************

**संक्षिप्त खबरें**

- ऑपरेशन सिंदूर में वीरता दिखाने के बाद घर लौटने पर जमशेदपुर के बागुनहातु निवासी बीएसएफ जवान धीरज कुमार राय का स्वागत किया गया। घर लौटने पर स्थानीय नेता और नागरिकों ने उनका नागरिक अभिनंदन किया। बीएसएफ जवान धीरज ने कहा कि "यह जीत पूरे देश की है। मुझे गर्व है कि देश के लिए लड़ने का मौका मिला।
- दक्षिणी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश झा ने खूंटी में पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में विभिन्न मामलों की समीक्षा की और जेल से छूटे नक्सली और पुराने आदतन अपराधियों का नियमित रूप से सत्यापन का भी निर्देश दिया।
- बोकारो जिले के चंदनकियारी के बरमसिया ओपी क्षेत्र के गम्हरिया गांव के एक तालाब में नहाने के दौरान डूबने से दो अलग–अलग घटनाओं में दो महिला, दो बच्ची और एक युवक की मौत हो गई है।

****************

मौसम विभाग ने आज और कल पूरे राज्य में आंधी के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। विभाग ने जारी रिपोर्ट में कहा कि 26 मई तक राज्य में कहीं–कहीं बारिश और वज्रपात होने की संभावना है।

****************

खेल प्रतियोगिताओं में खुद को साबित करने के लिए चतरा जिले की बेटियों ने साहस के साथ कदम बढ़ाने शुरू कर दिए हैं। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****************

झारखंड में 64वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 16 जून से होगी। इसके लिए स्कूली शिक्षा एवं साक्षारता विभाग ने प्रखंड से लेकर प्रमंडल स्तर पर प्रतियोगता की तारीख तय कर दी है। प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता 16 जून से 19 जून तक, जिला स्तर पर 24 से 28 जून तक, प्रमंडल स्तर पर 7 जुलाई से 11 जुलाई तक और राज्य स्तर पर 16 जुलाई से 20 जुलाई तक प्रतियोगिता होगी। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर यह प्रतियोगिता 18 अगस्त से 25 दिसंबर तक आयोजित होगी।

****************

**अखबारों की सुर्खियां–**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने शराब घोटाला में आइएएस अधिकारी विनय चौबे और गजेंद्र सिंह की गिरफ्तारी की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा....

**प्रभात खबर** की सुर्खी है– सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक सेवा पात्रता में अनुभव की शर्त तय की, तीन साल वकालत जरूरी।

**हिन्दुस्तान** ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हवाले से लिखा है– झारखंड आंदोलनकारियों के सपनों को कर रहे पूरा।

**दैनिक भास्कर** ने राज्य में वज्रपात से छह की मौत और कोटशिला में तार टूटने से ट्रेन की आवाजाही रूकने की खबर को पहले पेज पर प्रकाशित किया है।

**दैनिक जागरण** लिखता है– खदान की आग बुझाने में धंसी जमीन, गोफ में समाया मजदूर।

अंग्रेजी अखबार **द टाइम्स ऑफ इंडिया** बोकारो में तीन बच्चे और दो महिलाओं के डूबने से हुई मौत और **हिन्दुस्तान टाइम्स** ने 4 से 5 दिनों में केरल में मॉनसून के आगमन की खबर को प्रमुखता दी है।

**********************